करना, प्रशिक्षण, ऋण, प्रौद्योगिकी, मूलभूत सुविधाएं व मार्किटिंग शामिल हैं । बैंक इस योजना में भाग ले रहा है। वर्ष 2010–11 के दौरान, बैंक ने 2015 स्वरोजगारियों को 16.69 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की।

6.1.13 महिला लाभग्राहियों को ऋण

महिलाएं बड़ी जिम्मेवारियां संभाल रही हैं तथा देश के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहीं हैं परन्तु देश की वित्तीय संस्थाओं से ऋण नहीं ले पाती हैं। अतः महिलाओं को अधिकाधिक ऋण प्रदान करने के लिए बैंक ने भारत सरकार के निर्देशानुसार महिलाओं को अधिक ऋण प्रदान करने हेतु 13 सूत्री कार्य योजना को कार्यान्वित किया है। बैंक ने महिला उद्यमियों के लिए विशेषीकृत शाखाओं के रूप में 10 शाखाओं को नामित किया है ।

बैंक द्वारा ओरियन्टल महिला विकास योजना,व्यावसायिक एवं स्वनियोजित महिलाओं के लिए ऋण योजना,ब्यूटी पार्लरों/बुटीक/सैलूनों/दर्जी की दुकानों के लिए ऋण योजना, कामकाजी महिलाओं को वित्तीय सहायता हेतु योजना, ओरियन्टल स्वर्ण योजना आदि जैसी कई ऋण योजनाएं महिलाओं के लिए विशेष रुप से तैयार की गई हैं । इसके अलावा, ओरियन्टल बैंक ग्रामीण प्रोजेक्ट (ओबीजीपीद्ध नामक एक विशेष परियोजना में ग्रामीण निर्धन महिलाओं को सभी प्रकार की बैंकिंग सहायता प्रदान की जाती है।

इसके परिणामस्वरुप, बैंक द्वारा महिलाओं को दिए गए अग्रिमों में 17.33% की वृद्धि दर्ज करते हुए 632.29 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई जो मार्च, 2010 के अंत में 3646.69 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च, 2011 में 4278.98 करोड़ रुपए हो गए । महिला लाभग्राहियों को दिए गए बैंक अग्रिम 5% के लक्ष्य के मुकाबले मार्च, 2011 को एएनबीसी का 5.12% थे ।

6.1.14 वित्तीय समावेशन

औपचारिक वित्तीय क्षेत्र से वंचित समाज के वर्गों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से, बैंक ने 2000 से अधिक की आबादी वाले 300 आवंटित गांवों में व्यवसाय प्रतिनिधि मंडल के द्वारा वित्तीय समावेशन नीति को कार्यान्वित किया है। बैंक इन गांवों में लोगों को बायोमीट्रिक कार्डों तथा हाथ में पकड़े जाने वाले उपकरणों (पीओएस) के उपयोग द्वारा उन तक पहुंचकर सेवाएं प्रदान कर रहा है।

इन 300 गावों में 77,940 वित्तीय समावेशन येाजना (एफआईपी) ग्राहक बायोमीट्रिक कार्ड जारी किए जाने के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं जिनमें से 25,823 गाहकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु एक्टीवेट हुए बायोमीट्रिक कार्ड जारी किए जा चुके हैं ।

इसके अतिरिक्त, बैंक 6 जिलों अर्थात् अमृतसर, मुक्तसर, गुरूदासपुर (पंजाब, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ (राजस्थान) तथा जींद (हरियाणा) में समाज कल्याण योजना निधि के वितरण की परियोजना भी लागू कर रहा है। समाज कल्याण योजनाओं का लाभ देने के लिए कुल 1,66,146 लाभग्राहियों को बायोमीट्रिक कार्ड, स्मार्ट कार्ड जारी किए गए। शहरी वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बैंक ने कालकाजी कृषि मंडी के श्रमिकों को 1158 बायोमीट्रिक कार्ड जारी किए हैं।

6.1.15 अग्रणी बैंक उत्तरदायित्व

बैंक तीन जिलों अर्थात् पंजाब के फिरोजपुर, राजस्थान के श्रीगंगानगर और हरियाणा के पलवल जिले में अग्रणी बैंक के कार्य कर रहा है ।

6.1.16 ओबीसी ग्रामीण विकास न्यास

बैंक ने ग्रामीण क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए देश के विभिन्न स्थलों पर प्रशिक्षण एवं केन्द्र स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष प्रयोजन संस्था, ओबीसी ग्रामीण विकास न्यास की स्थापना की है। इस न्यास की स्थापना 09 दिसंबर, 2005 को एक पंजीकृत निकाय के रूप में हुई ।

and marketing. The bank is participating in the schemes. During 2010-11 bank sanctioned financial assistance to 2015 swarojgaries to the tune of 16.69 crore.

6.1.13. Credit Flow to Women Beneficiaries

Women are assuming greater responsibilities and playing an active role in the economic growth of the nation but remain under represented while receiving the credit delivery from the Financial Institutions of the country. So for strengthening of credit flow to women, Bank has implemented 13-points action plan as advised by the Government of India. Bank has designated 10 branches as specialized branches for women entrepreneurs.

A number of credit schemes, such as Oriental Mahila Vikas Yojana, Loan scheme for Professional & Self Employed Women, Loan scheme for Beauty Parlour/ Boutiques/ Saloons/ Tailoring, Scheme for Financing Working Women, Oriental Swaran Yojana etc. are designed by the bank especially for women. Besides, a special project called Oriental Bank Grameen Project (OBGP) provides all types of banking assistance to the rural poor women.

As a result the Bank's advance to women increased by Rs.632.29 crore from Rs. 3646.69 crore as on March 2010 to Rs. 4278.98 crore as on March 2011 registering a growth of 17.33%. Bank's advances to women beneficiaries as on March 2011 was 5.12% of ANBC against the required stipulation of 5%.

6.1.14. Financial Inclusion

With a view to provide banking facilities to the sections of society so far deprived from the formal financial sector, Bank has rolled out Financial Inclusion Plan in 300 allotted villages with population more than 2,000 through Business Correspondent model. Bank is providing services to people in these villages at their doorsteps using biometric cards and hand held devices (POS).

In these 300 villages 77,940 Financial Inclusion Plan (FIP) customers have been enrolled for issuance of Bio-metric card; out of which 25,823 customers have been issued activated Bio-metric card for extending banking services.

Further, Bank is also implementing project of distribution of Social Welfare scheme funds in 6 districts namely Amritsar, Muktsar, Gurdaspur (Punjab), Sriganganagar, Hanumangarh (Rajasthan) and Jind (Haryana). A total number of 1,66,146 beneficiaries have been issued Bio-metric cards/ Smart cards for distribution of benefits of Social Welfare schemes under Urban Financial inclusion bank has issued 1158 biometric cards to Kalkaji Agri Mandi labourers.

6.1.15. Lead Bank Responsibility

Bank is performing the functions of Lead Bank in three Districts namely Ferozpur in Punjab, Sriganganagar in Rajasthan and Palwal in Haryana.

6.1.16.OBC Rural Development Trust

Bank has set up a special purpose vehicle in the name of Oriental Bank Rural Development Trust (OBCRDT) for setting up Training Centres at various places across the country for imparting training for capacity building in rural areas. The Trust came into being on the 9th December 2005 as a registered body.

इस न्यास का प्रमुख उद्देश्य किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों, ट्रैक्टर / कृषि मशीनरी के रखरखाव तथा कृषि / ग्रामीण विकास के अन्य पक्षों–सूक्ष्म वित्त तथा ग्रामीण युवकों एवं महिलाओं की क्षमता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण कॉलेज / संस्थान तथा कार्यशालाओं की स्थापना करना है ।

इस समय देहरादून, श्रीगंगानगर, जयपुर और फिरोजपुर में चार ओवीसीआरसेटी (ओबीसी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) कार्यरत हैं ।

हमें चोमू (जयपुर) राजस्थान और जीरा (फिरोजपुर), पंजाब में राज्य सरकार द्वारा जमीन आबंटित की गई है। चोमू में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भवन का उद्घाटन दिनांक 30.03.2011 को माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्री नमो नारायण मीणा जी के करकमलों से हुआ। जीरा (फिरोजपुर) में निर्माण कार्य जोरो पर है। भारत सरकार ने इन केंद्रों के निर्माण हेतु 2 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की है। न्यास हरियाणा के पलवल जिले में भी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का कार्य कर रहा है ।

वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान कुल 177 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए और 5379 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से टेलरिंग एवं ड्रेस डिजाइनिंग, जलसंभरण प्रबंधन, फुलकारी, कढ़ाई, दूधारू पशुपालन, फसल उत्पादन, ब्यूटी पार्लर, चिकित्सीय वृक्षारोपण आदि विषयों पर 50 उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम थे जिनमें कुल 1325 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुए। कुल 457 प्रशिक्षित व्यक्तियों को आर्थिक कार्यकलाप करने / स्थापित करने के लिए ऋण दिया गया । समाज में गरीबी रेखा से नीचे रह रहे व्यक्तियों, जिनके विषय में केन्द्रों द्वारा संबंधित डीआरडीए से सूची ली जाती है, को भी प्रशिक्षण देने पर जोर दिया जा रहा है । इन केन्द्रों ने कुल मिलाकर आरंभ से 588 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें 20586 उम्मीदवार लाभान्वित हुए ।

6.1.7 वित्तीय साक्षरता व ऋण परामर्श (एफएलसीसी)

बैंक ने हरियाणा राज्य में करनाल एवं पलवल जिलों में 2 एफएलसीसी केंद्र स्थापित किए हैं। इन केंद्रों में परामर्शदाता है जो जिलों में निवारक तथा बचावकारी ऋण उपलब्ध कराते हैं। मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार 795 व्यक्ति एफएलसीसी से लाभान्वित हुए। साथ ही निवारक ऋण परामर्श पर 5 सेमिनार आयाजित किए गए।

6.2 रिटेल ऋण

बैंक रिटेल ऋण बढ़ाने पर जोर देता रहा है। समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक की 10 रिटेल ऋण योजनाएं हैं जिनमें आवास ऋण भी शामिल हैं । हमारी ऋण योजनाएं ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप, प्रतिस्पर्धी हैं तथा समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप में तैयार की गई हैं । बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं बना रहा है और रिटेल खंड को बढ़ावा देने तथा अपेक्षित वृद्धि करने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित बिल्डिरों तथा ऑटो निर्माताओं के साथ गठबंधन भी किए गए हैं ।

6.3 शिक्षा ऋण

बैंक के शिक्षा ऋण 31.03.2011 को 1102.44 करोड़ रु. रहे और इसमे वर्ष दर वर्ष 13.45% की वृद्धि हुई। बैंक ने छात्रों को सरल शर्तों तथा प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण प्रदान करने के साथ–साथ छात्राओं को 0.50% की रियायती ब्याज दर पर शिक्षा ऋण प्रदान करने हेतु अपने प्रयास जारी रखे। दाखिले के समय शिक्षा संस्थानों में शिक्षा कैम्प भी लगाए गए।

The main objective of the Trust is to establish training colleges/institutes and workshops for providing training for farmers on modern techniques of farming, tractor/farm machinery repair & maintenance and other aspects of agriculture/rural development; micro finance and capacity building of the rural youth and women.

Presently four OBCRSETIs (OBC Rural Self Employment Training Institutes) are functional at Dehradun, Sriganganagar, Jaipur and Ferozepur.

We have been allotted land by the State Government in Chomu (Jaipur), Rajasthan and Zira (Ferozepur), Punjab. The RSETI building at Chomu was inaugurated in the hands of Shri. Namo Narain Meena Hon'ble Union Minister of State for Finance on 30.03.2011. Construction work is also in full swing at Zira (Ferozepur). Govt of India has sanctioned an amount of Rs. 2 crores for constructions of two centres. Trust is also in the process of setting up training centre in the Palwal district of Haryana.

During the Financial Year 2010-11, a total of 177 training programmes were conducted and 5379 candidates were given training. Of these 50 were entrepreneurship development programmes on subjects like tailoring & dress designing, watershed management, phulkari embroidery, milch animal rearing, crop production, beauty parlour, medicinal plantation, etc which benefitted 1325 candidates. A total of 457 trained persons were credit linked for pursuing/setting up of economic activities. Emphasis is also given to train candidates from BPL strata of the society for which list of candidates is obtained by the centres from respective DRDA. Cumulatively these centres have conducted 588 training programmes since inception benefiting 20586 candidates.

6.1.17. Financial Literacy & Credit Counselling (FLCC)

Bank has established 2 FLCC centers in District Karnal and Palwal in the state of Haryana. These centres are being manned by counselors who provide preventive and curative debt counselling within the district. As on March 2011, 795 persons benefitted from the FLCC. Further 5 seminars on preventive debt counselling were conducted.

6.2. Retail Credit

Retail Credit segment continues to be the Thrust area of lending. The Bank is having 10 Retail Credit Scheme including Home loans to meet the requirements of various sections of the society. Our Retail Credit Schemes are customer friendly, competitive and specifically designed to suit all sections of the society. The Bank has been formulating customized schemes and is also having tie-ups with various reputed builders and auto manufacturers to boost its Retail segment.

6.3. Education Loan

The education loan portfolio of the Bank stood at Rs.1102.44 crore as on 31.03.11 and showed Y.O.Y. Growth of 13.45%. Bank continued its efforts for extending education loans to students on soft terms & conditions and competitive rates besides 0.50% concessions in rate of interest is being given to girl students. During the admission season, education loan camps were organized in the campus of the educational institutions.

7. राजकोषीय परिचालन

सरकारी प्रतिभूतियों से होने वाली आय कम हो गई। वित्त वर्ष 2010–11 के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण करने तथा अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति दबाव को रोकने के लिए रेपो दरों में 175 आधार अंकों की तथा रिवर्स रेपो दर में 225 आधार अंकों की युक्तियुक्त वृद्धि की। ईक्विटी बाजार विश्व में आर्थिक बहाली होने के परिणामस्वरूप सकारात्मक बना रहा और देशी कंपनियों ने मजबूत वृद्धि दर्शाई। वित्तीय वर्ष 2010–11 में गौण बाजार का टर्नओवर 85,626.03 करोड़ रुपये रहा। वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान गौण बाजार परिचालनों से निवल लाभ 78.06 करोड़ रुपये रहा। वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान बैंक ने 1720.17 करोड़ रु0 के बही मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों को "बिक्री के लिए उपलब्ध" (एएफएस) श्रेणी से 'परिपक्वता तक धारित' (एचटीएम) श्रेणी में अंतरित किया और 962.34 करोड़ रु. के बही मूल्य की प्रतिभूतियों को 'परिपक्वता तक धारित' (एचटीएम) श्रेणी से "बिक्री के लिए उपलब्ध" (एएफएस) श्रेणी में अंतरित किया और इस प्रक्रिया में 64.05 करोड़ रु0 का मूल्यह्रास दर्ज किया। बैंक का कुल निवेश पिछले वर्ष के 35785.32 करोड़ रु0 में 17.8% की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2010–11 में 42153.04 करोड़ रु0 हो गया । निवेश पर आय, निवेश खंड में स्थाई आय प्रतिभूतियों पर हुई आय में वृद्धि के कारण पिछले वर्ष के 7.08% से बढ़कर 7.21% हो गई।

8. मर्चेंट बैंकिंग क्रियाकलाप

बैंक एनएसडीएल और सीएसडीएल दोनों में निक्षेपागार भागीदार के रूप में पंजीकृत है। लगभग 76,000 से अधिक ग्राहक बैंक की डी-मैट सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं और पैन संबंधी अपेक्षा का अनुपालन न करने वाले शून्य शेषराशि वाले खातों को सेबी के निर्देशानुसार बंद कर दिया गया है। वर्ष 2010-11 के दौरान डी-मैट सेवाएं देने वाली शाखाओं की संख्या बढ़कर 307 हो गई। बैंक अपने ग्राहकों के लिए आईडीबीआई कैपिटल मार्किट सर्विसिज़ के साथ मिलकर ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएं भी प्रदान कर रहा है ।

राजकोषीय वर्ष के दौरान बैंक ने निजी स्थापन आधार पर कुल 300 करोड़ रु. के नवोन्मेषकारी बेमीयादी ऋण लिखत, कॉल आप्शन का प्रयोग न किए जाने के मामले में 10 वर्षों के बाद 50 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि होने के खंड सहित 9.05% वार्षिक के कूपन पर जारी करके टियर-I पूंजी को बढ़ाया। ये बाण्ड 17.09.2010 को 23 अभिदाताओं को जारी किए गए।

राजकोषीय वर्ष के दौरान बैंक ने निजी स्थापन आधार पर कुल 200 करोड़ रु. के अप्रतिभूत प्रतिदेय अपरिवर्तनीय गौण उच्च टियर–II बांड, कॉल आप्शन का प्रयोग न किए जाने के मामले में 10 वर्षों के बाद 50 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि होने के खंड सहित 8.68% वार्षिक के कूपन पर जारी करके टियर–II पूंजी को भी बढ़ाया। ये बाण्ड 20.09.2010 को 6 अभिदाताओं को जारी किए गए।

8.1 अवरूद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए)

हमारा बैंक अपने ग्राहकों को अवरूद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए) सेवा उपलब्ध कराने के लिए सेबी में स्व-प्रमाणित सिण्डीकेट बैंक के रूप में रजिस्टर्ड है। एएसबीए ऐसा आवेदन है,जिसमें स्व-प्रमाणित सिंडीकेट बैंक (एससीएसबी) में रखे गए बैंक खाते में आवेदन राशि को अवरूद्ध करने का प्राधिकार निहित होता है।

एएसबीए सुविधा के अंतर्गत किसी निर्गम (आईपीओ/राइट्स इश्यू) में लगाई जाने वाली आवेदन की राशि तब तक ग्राहक के बैंक खाते में रहती है जब तक की आबंटन नियत नहीं हो जाता और पूरी आवेदन राशि के स्थान पर आबंटित शेयरों के समतुल्य वास्तविक राशि ही डेबिट की जाती है ।

बैंक देश भर में 552 प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से एएसबीए ऑफ़लाईन सुविधा प्रदान कर रहा है। ऑनलाईन एएसबीए सुविधा भी मार्च , 2011 से आरंभ कर दी गई है ।

7. TREASURY OPERATIONS:

The G-Sec yields hardened across the curve owing to stubbornly higher inflation and tighter system liquidity. During the FY 2010-11, RBI raised Repo rates by 175 bps and Reverse Repo by 225 bps in a calibrated manner to reign in inflation and prevent inflationary pressure building in the economy. The Equity market remained positive on account of global economic recovery and strong growth reported by domestic companies. The secondary market turnover has been Rs. 85,626.03 crore in FY 2010-11.The net profit in the secondary market operations has been Rs. 78.06 crores during the FY 2010-11. During the FY 2010-11 Bank has shifted government securities having book value Rs. 1720.17 crores from 'Available for sale'(AFS) category to 'Held to Maturity' (HTM) category, and shifted securities having book value Rs 962.34 crores from 'Held to Maturity' (HTM) to Available for Sale (AFS) category, and in the process booked depreciation of Rs. 64.05 crores. The aggregate investments of the Bank have increased to Rs 42,153.04 crores in FY 2010-11 from Rs 35785.32 crores last year, an increase of 17.8%. The yield on investments has increased to 7.21% from 7.08% last year owing to rise in the yield of Fixed income securities in the investment portfolio.

8. MERCHANT BANKING ACTIVITIES:

The Bank has been registered as Depository Participant with both NSDL & CSDL. More than 76,000 customers are availing the demat services of the Bank and PAN non-complaint zero balance accounts have been closed as per SEBI directive. The number of branches offering demat services has gone up to 307 during the year 2010-11. The Bank is also offering online trading services in collaboration with IDBI Capital Market Services Ltd. for its customers.

During the fiscal year, the Bank raised Tier I Capital through issue of Innovative Perpetual Debt Instrument aggregating Rs.300 crore on private placement basis at the coupon of 9.05% p.a with a step up of 50 bps after 10 years in case the call option is not exercised. The Bonds were allotted to 23 subscribers on 17.09.2010.

During the fiscal year, the Bank also raised Tier II Capital through issue of Unsecured Redeemable Non-Convertible Subordinated Upper Tier-II Bonds aggregating Rs.200 crore on private placement basis at the coupon of 8.68% p.a with a step up of 50 bps after 10 years in case the call option is not exercised. The Bonds were allotted to 6 subscribers on 20.09.2010.

8.1 Applications supported by Blocked Amount (ASBA)

Our Bank has been registered with SEBI as Self Certified Syndicate Bank (SCSB) for providing Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) facility to its customers. ASBA is an application containing an authorisation to block the application money in the bank account maintained with SCSB.

Under the ASBA facility, the application amount for subscribing to an issue (IPO/Rights issue), remains in the bank account of the customer till allotment is finalized and actual amount equal to allotted shares is only debited instead of total application amount.

The Bank is providing ASBA offline facility through 552 authorized branches across the country. Online ASBA facility has also been started in March 2011 for internet banking customers.

9 विदेशी मुद्रा कारोबार

राजकोषीय वर्ष 2010–11 के दौरान फॉरेक्स टर्न ओवर 31.03.2010 के 49924 करोड़ रुपए में 34.02% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.03.2011 को 66912.60 करोड़ रुपए हो गया। 31.03.2011 को बैंक का निर्यात ऋण 31.03.2010 के 3963 करोड़ रुपए में 13.72% की वृद्धि के साथ 4507 करोड़ रुपए हो गया। आलोच्य वर्ष के दौरान 7 और शाखाओं को विदेशी मुद्रा कारोबार के लिए प्राधिकृत किया गया जिससे ऐसी प्राधिकृत शाखाओं की संख्या बढ़कर 94 हो गई। ड्राफ्ट और त्वरित आहरण व्यवस्था हेतु एक्सचेंज हाउसों के साथ गठजोड़ की संख्या मौजूदा 2 से बढ़कर 6 हो गई है जिससे अधिक से अधिक अनिवासी (एनआरआई) खाते जुटाने और धनप्रेषण कारोबार को बढ़ाने में सुविधा हुई है। विदेशी मुद्रा कारोबार से होने वाली कुल आय 31.03.2010 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष के 162.43 करोड़ रु. में 38.90% की अच्छी वृद्धि दर्ज करते हुए चालू वर्ष में 225.63 करोड़ रु. हुई। बैंक ने 31.03.2011 को 1755 करोड़ रुपए की अनिवासी जमाराशियां जुटाई । दुबई में प्रतिनिधि कार्यालय के परिचालन को दो वर्ष पूरे हो गए हैं । यह कार्यालय बैंक के अनिवासी ग्राहक आधार को व्यापक बनाने के उद्देश्य से दुबई में भारतीय प्रवासियों के अनिवासी खाते जुटाने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान शुल्क आधारित उत्पादों जैसे वैस्टर्न यूनियन मनी ट्रांसफर में भी वृद्धि देखी गई ।

बैंक ने दिनांक 30.10.2010 से अर्थात् धनतेरस / दीपावली के शुभ मौके पर सोने की सिक्कों की बिक्री आरंभ की। वर्तमान में पूरे भारत में फैले 68 केंद्रों से विभिन्न मूल्यवर्ग के सोने के सिक्कों की बिक्री की जा रही है । यह बैंक की गैर ब्याज आय की अनुपूरक है। 6 माह के अल्प समय में बैंक ने सोने के सिक्कों की बिक्री से 0.37 करोड़ रुपए की आय अर्जित की।

10. अन्य पार्टी उत्पाद

10.1जीवन बीमा कारोबार (संयुक्त उद्यम)

अप्रैल 2010 - मार्च 2011 के दौरान बैंक ने 159.20 करोड़ रुपए के पहले प्रीमियम की राशि की 42393 पॉलिसियां बेची और 35.56 करोड़ रुपए का (कुल) कमीशन अर्जित किया ।

10.2 सामान्य बीमा कारोबार

बैंक ने सामान्य बीमा कारोबार के अंतर्गत सतत वृद्धि जारी रखी और लगभग 24.45 करोड़ रुपए का प्रीमियम जुटाते हुए 3.09 करोड़ रुपए के कमीशन द्वारा आय अर्जित की ।

10.3 म्युचुअल फंड कारोबार

बैंक 6 म्युचुअल फण्ड गृहों के म्युचुअल फण्ड उत्पादों की बिक्री कर रहा है । वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने म्युचुअल फण्ड उत्पादों की बिक्री की और इस क्षेत्र के तहत 62.14 करोड़ रुपए की प्रबंधाधीन आस्तियां (ए.यू.एम.) संग्रहित करते हुए 31.07 लाख रु0 की आय अर्जित की ।

10.4 नई पेंशन योजना(एनपीएस)

पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने भारत के सभी नागरिकों के लिए नई पेंशन योजना में अभिदान करने के लिए दिनांक 01.05.2009 से बैंक को प्वाइटस ऑफ़ प्रेजेंस (पीओपी) नियुक्त किया है। कुल 251 शाखाओं को प्वाइंट ऑफ़ प्रेजेंस–एसपी के रूप में कार्य करने हेतु नियुक्त किया गया है ।

10.5 डी-मैट खाते

बैंक एनएसडीएल और सीडीएसएल दोनों का निक्षेपागार भागीदार है। इस कारोबार श्रेणी में इसके 76000 से अधिक खाते हैं और बैंक ने वित्तीय वर्ष

9. FOREIGN EXCHANGE BUSINESS

During the fiscal year 2010-11, Forex turnover increased to Rs.66912.60 Crore as on 31.03.2011 as against Rs.49924 Crore as on 31.03.2010, thus registering a growth of 34.02%. The export credit of the bank stood at Rs.4507 Crore as on 31.03.2011 as against Rs.3963 Crore as on 31.03.2010, thus registering a growth of 13.72%. During the year under review,7 more branches were authorized to conduct foreign exchange business taking up such authorized branches to 94. The tie ups with exchange houses for Draft and Speed drawing arrangement has further increased from existing 2 to 6, which facilitates in garnering more & more NRI accounts and increase in remittance business. The total earning from foreign exchange business also registered a substantial increase from Rs.162.43 Crore for the year ended 31.3.2010 to Rs.225.63 crore for the current financial year, registering a growth of 38.90 % over the preceding financial year. The bank has mobilized non resident deposits to the tune of Rs.1755 Crore as on 31.03.2011. The operations at Representative Office at Dubai has completed its two years of operations, acting as catalyst to canvass non-resident accounts of Indian expatriates in UAE to expand the Non resident customer base of the bank. The fee-based products like Western Union Money Transfer have also shown growth during the preceding financial year.

Bank also started selling the gold coins w.e.f. 30.10.2010 i.e. on the auspicious occasion of Dhanteras / Deepawali. Presently the Gold coins of different denominations are being sold from 68 locations spread all over India. This has supplemented the bank's non-interest income. During the short span of 6 months bank earned Rs0.37 crore on sale of gold coins.

10. THIRD PARTY PRODUCTS:

10.1 Life Insurance Business (JV):

During April 2010 – March 2011 the Bank sold 42393 policies with First Premium Collection of Rs. 159.20 Crores and has earned commission of Rs. 35.56 Crores (Gross).

10.2 General Insurance Business:

Under General Insurance Business the Bank has been registering steady growth and has collected around Rs. 24.45 Crores as Premium collections and income by way of Commission at Rs. 3.09 Crores.

10.3 Mutual Fund Business:

The Bank has been selling the Mutual Fund products of the 6 Mutual Fund Houses. During the Financial year 2010-11 the Bank has sold Mutual Fund products and collected AUM of Rs. 62.14 Crores and earned income of Rs. 31.07 Lacs under this segment.

10.4 New Pension Scheme (NPS):

Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) has appointed the Bank as Points of Presence (POP) w.e.f. 01.05.2009 for the purpose of subscribing to New Pension Scheme (NPS) for all citizen of India. Total 251 branches have been selected to act as POP-SPs.

10.5 Demat Accounts:

The Bank is a Depository Participant for both NSDL and CDSL. It has more than 76,000 accounts under this category of Business

2010-11 के दौरान 4.34 करोड़ रुपए की आय अर्जित की। बैंक ने आईडीबीआई कैपिटल मार्किट सर्विसेज लि0 के साथ गठबंधन किया है और अपने डि-मैट खाता धारकों को 289 चयनित शाखाओं के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग सुविधा प्रदान कर रहा है।

10.6 सोने के सिक्के:

विभिन्न मूल्यवर्गों (5 ग्राम, 8 ग्राम एवं 10 ग्राम) के सोने के सिक्कों की रिटेल बिक्री 12 क्षेत्रों में 83 शाखाओं के जरिए 30.10.2010 को आरंभ की गई । वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान 5937 सोने के सिक्कों की बिक्री की गई ।

10.07 विशिष्ट पहचान (यूआईडी) कार्ड:

बैंक ने हमारी शाखाओं के माध्यम से अपने लगभग 1.5 करोड़ के ग्राहक आधार, स्टाफ़ सदस्यों तथा अन्य नागरिकों को विशिष्ट पहचान कार्ड जारी करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ दिनांक 11.8.2010 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। वित्तीय वर्ष 2110–11 के दौरान लगभग 66,300 यूआईडी कार्ड जारी किए गए।

10.8 नकदी प्रबंधन सेवाएं:

बैंक अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी और आवश्यकता आधारित सीएमएस समाधान प्रदान कर रहा है । बैंक नकदी प्रबंधन सेवाओं के अंतर्गत अपने ग्राहकों को संग्रहण, भुगतान और अभिरक्षक सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक देश भर में ग्राहकों को अपनी शाखाओं के जरिए 121शहरों में और प्रतिनिधि व्यवस्था के जरिए 500 केन्द्रों पर नकदी प्रबंधन सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान 1351.07 करोड़ रुपए से अधिक का टर्नओवर प्राप्त किया और 1.38 करोड़ रुपए की गैर-ब्याज आय अर्जित की ।

11. शाखा विस्तार:

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने 28 विस्तार पटलों का उन्नयन करने के साथ–साथ 84 नई शाखाएं खोलीं। 31.03.2011 की स्थिति के अनुसार बैंक की कुल शाखाएं 1620 रहीं जबकि 31.03. 2010 को इनकी संख्या 1508 थी। मार्च, 2011 के अंत में शाखाओं के जनसंख्या समूहवार वर्गीकरण की स्थिति निम्नानुसार है :

क्र.सं.	वर्गीकरण	31.03.2011	31.03.2010
1	ग्रामीण	334	306
2	अर्द्धशहरी	423	373
3	शहरी	489	473
4	महानगरीय	374	356
	कुल	1620	1508

12. ग्राहक सेवा

बैंक ने अपनी उन्नत तकनीकी का प्रयोग करके मौजूदा सेवाओं को बेहतर बनाने एवं नवोन्मेषकारी नई सेवाओं द्वारा उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने के प्रयास जारी रखे। बैंक ने ग्राहकों की सुविधा के लिए उन्हें दक्ष व प्रभावी सेवाएं प्रदान करने हेतु मोबाइल बैंकिंग (ओबीसीएमपे), इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं, इंटरनेशनल प्रोटोन डेबिट कार्ड, एसएमएस बैंकिंग सेवा, एटीएम के जरिए निधि अंतरण (केवल उन्हीं खातों में जो एटीएम कार्ड से संबद्ध हैं) बैंक के एटीएम पर 24X7 आधार पर उपलब्ध चेक की स्थिति जानने तथा चेक का भुगतान रोकने की सुविधा, चयनित भावी मर्चेन्ट संस्थानों पर बिक्री केंद्र टर्मिनल (पीओएस) की स्थापना, चेक जमा कराने की सुविधा के लिए कुछ शाखाओं में चेक जमा करने की मशीन लगाना जिनमें पावती सूचना स्वयं मशीन द्वारा जनरेट होती है, सेवा करों आदि का ऑनलाइन भुगतान करने की सुविधा आदि आरंभ की है।

and has recorded a revenue generation of Rs.4.34 Crores in this Financial year 2010-11. The Bank has tied up with the IDBI Capital Market Services Ltd., and providing Online Trading facilities to its DEMAT Account holders through 289 identified Branches.

10.6 Gold Coins:

The Retail sale of Gold Coins in different denominations (5 grams, 8 grams & 10 grams) was launched on 30.10.2010 through 83 branches in 12 Regions. 5937 Gold Coins have been sold during the financial year 2010-11.

10.7 UID Cards:

The Bank has entered into MOU with Unique Identification Authority of India (UIDAI) on 11.08.2010 as Registrar for issuing UID cards to its customers base of about 1.5 Crores, staff members and other citizens through our Branches. Approximate 66,300 UID cards got enrolled during the financial year 2010-11

10.8 Cash Management Services (CMS):

The Bank provides an efficient and tailor-made CMS solution to suit the customer requirements. The Bank is offering Collections, Payments and Custodial Services to the Customers under Cash Management Services. The Bank has coverage of more than 121 cities through own Branches and 500 Locations through Correspondent arrangements offering CMS services to clients across the country. The Bank has registered a turnover of above Rs. 1351.07 Crores and earned Non-Interest income of Rs.1.38 Crore during the financial year of 2010-11.

11. BRANCH EXPANSION:

During 2010-11, the Bank has opened 84 new branches besides up gradation of 28 extension counters. As on 31.03.2011, total number of branches stood at 1620 as against 1508 as on 31.03.2010. The population group-wise classification of branches as at end-March 2011 is as under:

S.N.	Classification	31.03.2011	31.03.2010
1	Rural	334	306
2	Semi-Urban	423	373
3	Urban	489	473
4	Metro	374	356
	Total	1620	1508

12. CUSTOMER SERVICE:

The Bank's endeavor to provide excellent customer service has been through improving existing and innovating new services by leveraging the advanced technology platform of the bank. The bank has introduced, Mobile Banking (OBCmPAY), Internet Banking Services, International Proton Debit Card, SMS Banking service, Funds transfer through ATMs (only among accounts linked to ATM card), facility of Cheque Status Inquiry and Stop Payment of Cheques available 24x7 on Bank's ATMs, deployment of Point of Sale (POS) Terminals at the identified prospective Merchant Establishments, Cheque deposit machines at some of the branches to facilitate cheque deposit with acknowledgment generated by the machine itself, online payment of service taxes etc. to provide efficient and effective service for delight of customers.

बेहतर ग्राहक सेवा के लिए ऑन–लाईन शिक्षा ऋण, ओबीसी ई–शॉपे, ओबीसी ई–कर, ऑन लाईन फीस जमा करना, ऑन लाईन कर लेखांकन पद्धति (ओल्टास) कुछेक ऐसे लोकप्रिय ऑन लाईन उत्पाद हैं, जो बैंक अपने ग्राहकों को प्रदान कर रहा है। बैंक कम्पनियों के लिए नकदी प्रबंधन उत्पाद भी प्रदान करता है । चुने हुए केंद्रों में द्रुत समाशोधन सुविधा उपलब्ध है। अन्य पार्टी द्वारा गैर–मूल शाखाओं से चेक द्वारा नकदी आहरण की तत्काल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कुछ सीमा तक इसकी अनुमति दी गई है। बैंक ने आधार नाम से परिवर्तनीय उत्तरोत्तर जमा योजना आरंभ की है। बैंक में विभिन्न समूहों जैसे: वृद्ध एवं रोगी, शारीरिक रूप से विकलांग, दृष्टिबाधित आदि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं।

ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता बैंक की वेबसाइट पर सूचनार्थ उपलब्ध हैं और ग्राहकों की जानकारी के लिए शाखाओं में इनकी मुद्रित प्रतियां भी उपलब्ध है। ग्राहकों के खातों संबंधी जानकारी तथा अन्य शंकाओं का जवाब देने के लिए टॉल फ्री संख्या 1800–180–1235 पर एक समर्पित ग्राहक सेवा केंद्र भी स्थापित किया गया है।

बैंक की सेवाओं पर ग्राहकों की प्रतिक्रिया जानने के लिए तथा आवश्यकतानुसार उसकी जांच व आवश्यक कार्रवाई करने के लिए वेबसाइट पर 'शंकाए एवं सुझाव' लिंक प्रदान किया गया है। शाखाओं में शिकायत/सुझाव पेटिकाएं उपलब्ध हैं, जिनमें ग्राहक अपनी शिकायत या सुझाव डाल सकते हैं और ग्राहक बैंक की वेबसाइट के माध्यम से भी शिकायत कर सकते हैं।

ग्राहकों को शाखाओं, प्रादेशिक कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित होने वाली ग्राहक सेवा बैठकों में आमंत्रित किया जाता है। बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रशिक्षण के माध्यम से स्टाफ की बैंकिंग उत्पादों एवं सेवाओं से संबंधित जानकारी को अद्यतन करने पर जोर देता रहा है। बैंक ग्राहकों की अधिकतम संतुष्टि के लिए उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

13. अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानदंड और काले धन का शोधन निवारण (एएमएल) उपाय:

विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कानूनों व विनियमों, भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/अनुदेशों व मार्गनिर्देशों का पालन करने के लिए और मुख्यतः आपराधिक तत्वों द्वारा जानबूझकर या अनजाने में बैंक का प्रयोग काला धन शोधन कार्यों के लिए करने से रोकने के लिए, ओबीसी "अपने ग्राहक को जानिए नीति" बनाई गई है । इस नीति में चार प्रमुख तत्व हैं "ग्राहक स्वीकरण नीति", "ग्राहक पहचान प्रक्रिया", "लेन-देनों की मॉनिटरिंग" तथा "जोखिम प्रबंधन"। इससे बैंक को ग्राहकों व उनके वित्तीय लेनदेनों को बेहतर ढंग से जानने/समझने में सहायता मिलेगी और जोखिम का प्रबंध अधिक विवेकपूर्ण तरीके से करने में सहायता मिलेगी। फील्ड में कार्य कर रहे अधिकारियों द्वारा सख्ती से पालन किए जाने हेतु विस्तृत मार्गनिर्देश एवं अनुवर्ती अनुदेश समय-समय पर दोहराए जाते रहे हैं। काले धन का शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के नए कानून के अनुकरण में बैंक पहले ही वित्तीय आसूचना ईकाई इंडिया एफआईयू–आईएंडडी को सांविधिक विवरणियां प्रस्तुत करने की अपेक्षा का पालन कर रहा है। बैंक ने केवाईसी/एएमएल मानदंडों के अनुपालन हेतु और संदिग्ध स्वरूप के संव्यवहारों का पता लगाने के लिए काले धन का शोधन निवारण साफ्टवेयर सॉल्यूशन लागू कर दिया है। हमारे द्वारा अलर्टों की जांच की जा रही है और एफआईयू–आईएंडडी को एसटीआर भेजी जा रही हैं। बैंक विनियामक निकायों को केवाईसी/एएमएल से संबंधित सभी अपेक्षित आंकड़े /विवरणियां भेज रहा है ।

For better customer service the online Education Loan, OBC-e-shoppe, OBC-e-taxes, online fee deposit, online Tax Accounting System(OLTAS) are some of the popular online products which the bank offers to its customers. The Bank also offers cash management product for corporate. Facility of speed clearing is available at selected centres. In view of urgent needs the third party withdrawal of cash through cheques at nonparent branches have been permitted upto certain limit, The Bank has launched Variable Progressive Deposit Scheme called Aadhar. The bank has services to meet the requirements of different groups like Old & sick, physically handicapped, visually impaired etc. to meet their needs.

The Bank's codes of commitment to customers are displayed on the Bank's website for information and printed copies are available at branches for customers information.. A dedicated Customer Care Centre on toll free Number 1800-180-1235 has been set up for clarifying the customers account related and other queries.

The website has a link "Query & Suggestion" for receiving customers' feedback on the services of the bank for its examination and application wherever required. Complaint/Suggestion Boxes are provided at branches where a customer can drop his complaint or suggestion and the customer can also make complaints through the bank's website.

The Customers are invited at customer service meetings held regularly at Branches, Regional Offices and Head Office. The Bank emphasizes on the updation of knowledge of the staff on the banking products and services through continuous training to meet the requirements of the customers.The Bank is committed to provide excellent service for the customers' maximum satisfaction and delight.

13. KNOW YOUR CUSTOMER (KYC) NORMS & ANTI-MONEY LAUNDERING (AML) MEASURES:

To comply with the various laws and regulations, national as well as international, Govt. of India and Reserve Bank of India directives / instructions & guidelines, primarily to prevent the bank from being used, intentionally or unintentionally, by criminal elements for money laundering activities, *OBC 'KYC' Policy* has been formulated. The Policy combines four key elements viz. "Customer Acceptance Policy", "Customer Identification Procedures", "Monitoring of Transactions" and "Risk Management". This will enable the bank to know / understand the customers and their financial dealings better and shall further help in managing risks more prudently. The detailed guidelines and subsequent instructions are being reiterated from time to time for strict compliance by the field functionaries. The bank is already complying with the requirement of submission of statutory returns to the FIU-IND as a sequel to the new legislation on Prevention of Money Laundering Act-2002. The Bank has already operationalised Anti-Money Laundering software solution for complying with KYC Norms / AML Measures and generation of alerts to detect any suspicious transaction. Alerts are being scrutinized by us and STRs are being submitted to FIU-IND. Bank is also submitting all the required data/returns relating to KYC/AML to the regulatory bodies.

14. बैंक में हिंदी का प्रयोग

बैंक ने वर्ष 2010–11 के दौरान हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने तथा भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त मार्गनिर्देशों/निदेशों का पालन करने के संबंध में अपने सार्थक प्रयास जारी रखे। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम 2010–11 में निर्धारित विभिन्न क्षेत्रवार लक्ष्यों को प्राप्त करने लिए ठोस एवं कारगर कदम उठाए गए ।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के लिए **रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता 2009–10** के अंतर्गत बैंक को "क" क्षेत्र में राजभाषा हिन्दी में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए द्वितीय पुरस्कार के लिए चुना गया। **बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दिल्ली** द्वारा आयोजित **अंतर बैंक राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता 2009–10** के अंतर्गत प्रादेशिक कार्यालय दिल्ली एवं नई दिल्ली को हिन्दी में किए गए श्रेष्ठ कार्यों के लिए तृतीय पुरस्कार और बैंक की गृह पत्रिका **'आधार' को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।** इसके अतिरिक्त, **बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लुधियाना तथा जयपुर द्वारा** प्रादेशिक कार्यालय, लुधियाना **एवं प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर दोनो को प्रथम पुरस्कार** प्रदान किया गया ।

संसदीय राजभाषा समिति की आलेख व साक्ष्य उप समिति द्वारा हमारी कोयम्बतूर व झांसी शाखाओं के प्रमुखों के साथ क्रमशः 13.09.2010 व 22.12.2010 को हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति के संबंध में विचार विमर्श किया गया तथा बैंक द्वारा हिन्दी में किए गए कार्यों की सराहना की गई ।

बैंक ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने हेतु अपने गंभीर प्रयास जारी रखे। सीबीएस शाखाओं में ग्राहकों को बैंकिंग सुविधाएं हिंदी में भी उपलब्ध कराने की दृष्टि से द्विभाषिक डाटा प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर "स्क्रिप्ट मैजिक" शाखाओं में लगाया गया । सीबीएस वातावरण में हिंदी में काम करने के लिए विभिन्न जॉब कार्ड हिंदी में उपलब्ध कराए गए तथा पोर्टल पर लोड किए गए। बैंक की वेबसाइट हिन्दी में अद्यतन की गई। कर्मचारियों की सुविधा के लिए बैंक के ओबीसी वेब पोर्टल पर ऑन लाइन अंग्रेजी–हिंदी बैंकिंग शब्दावली उपलब्ध कराई गई। कर्मचारियों को कम्प्यूटर पर हिंदी में कार्य करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

बैंक के ओबीसी वेब पोर्टल पर "ई सर्कुलर्स" के साथ–साथ कार्यपालकों के संदेश, नीतियां, जमा/ऋण योजनाएं, रिटेल योजनाएं,पावर चार्ट,फिनेकल मेन्यू, पता निर्देशिका, एटीएम सूची आदि हिंदी में तैयार करके लोड करवाई गई। प्रधान कार्यालय, प्रादेशिक कार्यालयों/शाखाओं में सितम्बर माह के दौरान हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया तथा स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। विभिन्न बैंकों द्वारा आयोजित अंतर–बैंक प्रतियोगिताओं में भी हमारे बैंक के स्टाफ सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किए।

बैंक की त्रैमासिक गृह पत्रिका "आधार" के सभी अंक नियमित रूप से हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित किए गए।

15. वसूली

वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान, सभी स्तरों पर वसूली के गंभीर प्रयास जारी रखे गए, जिसके परिणामतः बैंक ने 512.72 करोड़ रुपए की नकद वसूली की । नकद वसूली में से 179.59 करोड़ रुपए की राशि बैंक के राजस्व में जोड़ी गई। बैंक ने वसूली पद्धतियों का कारगर उपयोग किया जैसेकि वसूली कैम्प लगाना , 1.00 लाख रु. तक के बकाया वाले एनपीए खातों के लिए "विशेष एकबारगी समझौता योजना" जो 31.01.2011 तक रही और उसके बाद 5.00 लाख रु. तक के बकाया वाले एनपीए खातों के निपटान हेतु एक नई एकबारगी समझौता योजना लागू की गई जो 30.06.2011 तक वैध है, लोक अदालत, सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत कार्यवाही करना तथा बैंक की सामान्य समझौता नीति। तथापि, वैश्विक मंदी के प्रभाव के कारण बैंक के एनपीए पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बढ़ गए जिसके परिणामस्वरूप कुल अग्रिमों में कुल एनपीए का प्रतिशत तदनुरूपी वर्ष के 1.74% से बढ़कर 1.98% हो गया ।

14. USE OF HINDI IN THE BANK:

During the year 2010-11, Bank continued its concerted efforts to accelerate use of Hindi and to implement the guidelines/directives received from Govt. of India and Reserve Bank of India. Concrete and effective steps were taken to achieve the region wise targets set by the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Govt. of India in the Annual Programme- 2010-11.

Bank was awarded **Second prize** in 'A' region under **Reserve Bank Rajbhasha Shield Competition** 2009-10 for Public Sector Banks / Financial Institutions for its excellent performance in the field of Rajbhasha Hindi. Regional Offices Delhi & New Delhi were awarded **Third Prize** for doing good work in Hindi and our Bank's In-House Magazine **AADHAAR** was awarded **Second Prize under Inter Bank Rajbhasha Shield Competition – 2009-10** by the **Bank's Town Official Language Implementation Committee, Delhi**. Besides, our Regional Offices, Ludhiana & Jaipur were awarded **First Prize** by **Bank's Town Official Language Implementation Committees, Ludhiana & Jaipur** respectively.

Drafting & Evidence Sub-Committee of the Committee of Parliament on official Language held discussions on progress made in use of Hindi with the Branch Incumbents of our branch offices Coimbatore & Jhansi on 13.09.2010 & 22.12.2010 respectively and appreciated the work being done in Hindi in the Bank.

Bank continued its concerted efforts to promote use of Hindi in field of Information Technology. To provide banking facilities to customers in Hindi also by CBS branches, the bilingual Data Processing Software Script Magic was installed in the branches of the Bank. To facilitate work in Hindi in CBS environment various job cards were prepared in Hindi and made available on OBC web portal. Bank web site was updated in Hindi. For the convenience of the employees an English-Hindi Banking Glossary was provided online at OBC Web Portal. Training for use of Hindi on Computers was imparted to employees of the Bank.

Bank's e-circulars and Executive's messages, policies, deposit / loan schemes, retail schemes, Power chart, Finacle menues, branch directory, ATM list etc. were prepared and uploaded on OBC web portal. Hindi-Fortnight was celebrated in different offices / branches of the Bank in month of September and various Hindi competitions for staff members were conducted. The winners were awarded certificates & prizes. Besides, our staff members won prizes in various Inter Bank competitions also conducted by different Banks.

All the issues of Bank's quarterly In-House Magazine "AADHAAR" were published regularly in bilingual form i.e. in Hindi and English.

15. RECOVERY:

During the Financial Year 2010-11, concerted recovery efforts continued at all levels and consequently, the Bank could effect cash recovery of Rs.512.72 Crore. Out of cash recovery a sum of Rs.179.59 Crore has been added to the Revenue of the Bank. The bank has effectively utilized the various recovery mechanism e.g. holding recovery camps, "Special One Time Settlement Schemes for NPAs with O/S upto Rs. 1.00 Lakh" which lasted upto 31.01.2011 and after that a New One Time Settlement Schemes for settlement of NPA accounts with O/S upto Rs. 5.00 Lakh was floated which is valid upto 30.06.2011, Lok Adalat, taking action under SARFAESI Act-2002 and general settlement policy of the Bank. However, due to the impact of global recession, the NPAs of the Bank has increased in comparison to the previous financial year resulting in increase in Gross NPA percentage to gross advances to Rs.1.98% against 1.74% of corresponding year.

बैंक बढ़ती हुई चूकों को न्यूनतम करने के लिए अपनी वसूली पद्धति को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी संभव कदम उठा कर रहा है ।

16. मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

वर्ष 2010–11 के दौरान पिछले वर्षों की आर्थिक उथल–पुथल का प्रभाव तथा सरकार एवं विनियामकों द्वारा घरेलू स्तर पर मंदी के साथ विकास का संतुलन देखा गया। वर्ष के दौरान बैंकिग उद्योग में वित्तपोषण, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, ऋण, आदि के क्षेत्र में विशेषज्ञ संवर्ग सहित विभिन्न संवर्गों में नई भर्तियां की गईं। उन्हें बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने की तत्काल आवश्यकता थी ताकि वे आत्मविश्वास के साथ और प्रभावशाली ढंग से अपने कार्यों में लग जाएं।

वर्ष 2010–11 के दौरान प्रशिक्षण योजना इस उद्देश्य से आरंभ की गई कि वर्ष के दौरान प्रत्येक कर्मचारी को कम से कम एक प्रशिक्षण अवश्य दिया जाए। बैंक इस उददेश्य को अधिकतम सीमा तक पूरा करने में सफल रहा । वर्ष के दौरान निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने पर विशेष ध्यान दिया गया :–

ऋण प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, विदेशी मुद्रा प्रबंधन, ग्राहक संबंध प्रबंधन, एनपीए एवं वसूली प्रबंधन, सामान्य बैंकिंग, नए भर्ती हुए परीवीक्षाधीन अधिकारियों /विशेषज्ञ अधिकारियों/लिपिकों के लिए प्रवेश कार्यक्रम, कार्यपालकों के लिए पबंधन विकास कार्यक्रम, तकनीकी कौशल विकास, एचआरएमएस, सीबीएस, अनु.जा./अनु.ज.जाति/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण नीति आदि पर कार्यशालाएं।

